**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4301**

**उत्तर देने की तारीख: 22.03.2021**

**केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षकों के लिए रिक्तियाँ**

**†301. श्री कौशलेन्द्र कुमार:**

**डॉ. वीरेंद्र कुमार:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान राज्य-वार और स्थान-वार कितने केंद्रीय विद्यालय खोले गए हैं;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान स्थापित केंद्रीय विद्यालयों में सृजित किए गए नियमित पदों और स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के पदों हेतु की गई भर्तियों सहित केंद्रीय विद्यालयों में विद्यालयों-वार कुल कितने शिक्षक हैं और अब तक श्रेणी-वार (अनारक्षित/ओबीसी/अजा/अजजा) कितनी भर्तियाँ की गई हैं;

(ग) पीआरटी, पीजीटी और टीजीटी के तौर पर अनुबंध पर विद्यालय-वार और विषय-वार कितने शिक्षक कार्यरत हैं;

(घ) कुल स्वीकृत पदों की तुलना में अनुबंध पर कार्य करने वाले शिक्षकों का विषयवार और श्रेणी-वार प्रतिशत कितना हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) विगत पाँच वर्ष अर्थात 2015-16 से 2019-20 के दौरान, देश में 134 केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोले गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और स्थान-वार ब्यौरा संलग्न है।

(ख) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविएस) ने सूचित किया है की नए खोले गए केवि कक्षा I से V तक शुरू किए जाते हैं। इन केवि का विस्तार वर्ष दर वर्ष कक्षा X तक होता है। तदनुसार, प्रति

वर्ष कर्मचारियों की स्वीकृति की जाती है और यह कार्य गतिशील प्रकृति का है। कर्मचारियों की भर्ती स्कूल आधार पर की जाती है। सभी केवि की रिक्तियों का आकलन आवधिक रूप से किया जाता है और अखिल भारतीय आधार पर भर्ती की जाती है। विगत पाँच वर्ष अर्थात 2015-16 से 2019-20 के दौरान स्थापित 134 केवि में स्वीकृत शिक्षकों की विभिन्न श्रेणियों के 1217 पदों का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नलिखित है :-

| **वर्ष** | **पीजीटी** | **टीजीटी** | **पीआरटी** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | - | 03 | 175 | 178 |
| 2016-17 | - | 53 | 98 | 151 |
| 2017-18 | 07 | 38 | 306 | 351 |
| 2018-19 | 07 | 75 | 112 | 194 |
| 2019-20 | 12 | 61 | 270 | 343 |
| **कुल** | **26** | **230** | **961** | **1217** |

(ग) और (घ) केवि में संविदा शिक्षकों की नियुक्ति नए केवि खोले जाने , स्थानांतरण, पदोन्नति, अवकाश रिक्ति, भर्ती इत्यादि के कारण रिक्त हुए पदों के लिए की जाती है। यह विवरण गतिशील होता है और स्कूल दर स्कूल बदलता रहता है।

(ड.) रिक्तियों का भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है और संबंधित भर्ती नियमावली के प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। चूंकि रिक्तियों को भरे जाने भर्ती के विभिन्न तरीके जैसे पदोन्नति , सीमित विभागीय परीक्षा , सीधी भर्ती आदि शामिल हैं इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए की शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया बाधित न हो , केविएस द्वारा अस्थाई अवधि के लिए संविदा आधार पर भी नियुक्ति की जाती है। शिक्षा मंत्रालय के तहत कार्यात्मक संगठन जैसे केविएस, नवोदय विद्यालय समिति , राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को गुणवत्ता और दक्षता में वृद्धि करने के उद्देश्य से इसकी रिक्तियों को भरने की सलाह दी गई है।

*****

**अनुबंध**

**'केंद्रीय विद्यालय में शिक्षकों के लिए रिक्तियाँ ' के संबंध में श्री कौशलेन्द्र कुमार और डॉ. वीरेंद्र कुमार, माननीय संसद सदस्य द्वारा 22.03.2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4301 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**विगत 5 वर्ष के दौरान देश में खोले गए केंद्रीय विद्यालयों की संख्या का वर्ष-वार और स्थान-वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-2020 |
| | | केवी का नाम | केवी का नाम | केवी का नाम | केवी का नाम | केवी का नाम |
| 1 | आंध्र प्रदेश | - | राजमपेट और काकीनाडा (2) | सत्तनपाली और राजमपल्ली येरगोंडापलेम (2) | - | कंदुकुर टाउन और इरलापाडु गांव (2) |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | जीरो हापोली (1) | - | लांगडिंग (1) | - | दारपोरिजो और नामसाई (2) |
| 3 | असम | - | - | असम केंद्रीय विश्वविद्यालय (1) | - | 210 कोबरा और एनएफ रेलवे रंगापारा (2) |
| 4 | बिहार | झाझा (1) | - | | एनपीजीसीएल नबीनगर (1) | आईआईटी पटना (बिहटा) (1) |
| 5 | छत्तीसगढ | नारायणपुर (1) | - | बीजापुर, सुकमा, कुरुद, नया रायपुर, महाराजपुर कवर्धा और सरायपाली (6) | - | जीसी सीआरपीएफ बिलासपुर और कोंडागांव (2) |
| 6 | दिल्ली | - | - | शाहदरा (1) | - | डॉ. राजेंद्र प्रसाद केवी अध्यक्ष एस्टेट (1) |
| 7 | गुजरात | - | - | पाटन (1) | - | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | हरियाणा | - | मथाना और बुदायन (2) | मातनहेल, फतेहाबाद और समालखा (3) | - | जीसी सीआरपीएफ सोनीपत और सीआरपीएफ कोडरपुर (2) |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | सलोह (1) | संधोल । (1) | - | - | |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | - | - | जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय (1) | - | जोधपुर (1) |
| 11 | झारखंड | - | - | लोहरदगे, खूंटी, दुमका, चतरा और गिरिडीह (5) | - | कोडरमा और सराय केलखारसवान (2) |
| 12 | कर्नाटक | हावेरी, मंड्या, चिकोडी, उडुपी और हट्टी गोल्ड माइंस कंपनी लिमिटेड (5) | - | कदीमिरी और चन्नपटना (2) | विरुपापुर गांव, गौरीबिदानूर और बीआरबी एनएमपीएल मैसूरु (3) | रेलवे कॉलोनी बांदीकुई (1) |
| 13 | केरल | कोट्टायम (1) | - | - | कोनी (1) | - |
| 14 | मध्य प्रदेश | कसरावद और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (2) | अंबाह, जमाई, पंधुरना और बीएसएफ टेकनपुर (4) | मुलताई, चंदेरी फतेहाबाद, गंजबासौदा, डाबर और हट्टा नगर (6) | लखनादौन और हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय (2) | अनूपपुर, शामगढ़,<br>आगर-मालवा,<br>अलीराजपुर और सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर एबी रोड (5) |
| 15 | महाराष्ट्र | एमजी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्व विद्यालय, वर्धा (1) | - | - | वाशिम और परभणी (2) | - |
| 16 | मणिपुर | अकम्पत (1) | - | - | चकपिकारों | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | ग (1) | |
| 17 | मिजोरम | - | - | - | - | - |
| 18 | नागालैंड | - | - | नागालैंड विश्वविद्यालय (1) | - | - |
| 19 | ओडिशा | संबलपुर नंबर 2 और हिंजिलिकट (2) | व्यासनगर और धर्मगढ (2) | नंबर 2 बालासोर, नंबर 2 अंगुल और जगतसिंहपुर (3) | - | गुनूपुर और आनंदपुर (2) |
| 20 | पंजाब | - | - | खानपुर (1) | - | - |
| 21 | राजस्थान | राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, बंदरसिंदारी, | - | नागौर, सीआईएसएफ जयपुर, आईआईटी जोधपुर और धौलपुर (4) | तिवरी और पाली (2) | रेलवे कॉलोनी बांदीकुई और प्रतापगढ़ (2) |
| 22 | तमिलनाडु | - | गोल्डन रॉक (1) | - | - | उदुमलपेट (1) |
| 23 | तेलंगाना | सिरिसिला, बादन टाउन और झारसंगम (3) | मंचेरियल (1) | भोंगिर और नीलेश्वर (2) | निज़ामाबाद और सिद्दीपेट (2) | - |
| 24 | त्रिपुरा | - | - | - | - | - |
| 25 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती (1) | सिद्धार्थ नगर (1) | एमसीएफ, रायबरेली (1) | बाओली और एसएसजी सीआईएसएफ कैंप, ग्रेटर नोएडा (2) | भदोही, मिर्जापुर, कौहर गौरीगंज, ऐयर, रेलवे ईदगाह, 39 वीं बीएन एसएसबी गादनिया पलिया कलां और 59 वीं बीएन.एसएसबी नानपारा (7) |
| 26 | उत्तराखंड | - | - | | - | खातिमा (1) |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | पश्चिम बंगाल | - | - | बंदेल और एसई रेलवे खड़गपुर (2) | - | एनएफआर न्यू जलपाईगुड़ी और जीसी सीआरपीएफ सिलीगुड़ी (2) |
| **कुल** | | **25** | **14** | **43** | **16** | **36** |

*****